# ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV) वैक्सीनें
# Human Papillomavirus (HPV) Vaccines

## HPV वैक्सीनें क्या हैं?

HPV वैक्सीनें कुछ प्रकार के ह्यूमन पेपिलोमावायरस (HPV) से संक्रमण से बचाती हैं जो गुदा, गर्भाशय ग्रीवा, मुंह और गले, लिंग, योनि और योनी के साथ-साथ जननांग मस्सों के कैंसर का कारण बनते हैं। कैनेडा में 2 HPV वैक्सीनें उपलब्ध हैं: सर्वारिक्स® (Cervarix®) (HPV2) और गार्डासिल®9 (Gardasil®9) (HPV9)। वैक्सीनें हेल्थ कैनेडा द्वारा अनुमोदित हैं, HPV9 दोनों लिंगों में उपयोग के लिए अनुमोदित है, और HPV2 केवल महिलाओं में उपयोग के लिए अनुमोदित है। गार्डासिल®9 (HPV9) बीसी में पात्र लोगों को निःशुल्क प्रदान की जाती है।

दोनों वैक्सीनें 2 प्रकार के HPV से रक्षा करती हैं जो सर्विकल कैंसर के लगभग 70% मामलों और गुदा कैंसर के 80% मामलों का कारण बनते हैं। HPV9 वैक्सीन 5 अतिरिक्त प्रकार के HPV से सुरक्षा प्रदान करती है जो महिलाओं में 15% से 20% सर्विकल कैंसर और 11% गुदा कैंसर और पुरुषोंमें 4% का कारण बनता है। HPV9 वैक्सीन 2 प्रकार के HPV से भी सुरक्षा प्रदान करती है जो जननांग मस्सों के लगभग 90% मामलों का कारण बनते हैं।

## HPV वैक्सीन किसको दी जानी चाहिए?

HPV9 वैक्सीन कक्षा 6 में सभी छात्रों को मुफ्त दी जाती है। जो लोग HPV वैक्सीन लेने से चूक गए हैं, वे इसे तब तक मुफ्त में प्राप्त कर सकते हैं जब तक कि वे 19 साल की उम्र से पहले अपनी पहली खुराक प्राप्त करते हैं और 26 साल की उम्र से पहले अंतिम खुराक प्राप्त करते हैं। अपवाद उन लोगों के लिए है जिन्हें 30 जून, 2024 तक अतिरिक्त समय दिया गया है; यानि कि जो जनवरी से जून 2005 तक पैदा हुए हैं।

HPV9 वैक्सीन 9 से 26 वर्ष की आयु के व्यक्तियों को भी निःशुल्क प्रदान की जाती है जो:

- HIV पॉजिटिव हैं
- टू-स्पिरिट, ट्रांसजेंडर या नॉन-बाइनरी हैं
- वह पुरुष जो पुरुषों के साथ यौन संबंध रखते हैं, जिस में वे भी शामिल हैं जो अभी तक यौन रूप से सक्रिय नहीं हैं और अपने यौन अभिविन्यास पर सवाल कर रहे हैं
- पुरुष जो सड़क पर लोगों से जुड़े (street-involved) हैं

टीकाकरण करवाने के लिए अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

जब तक ऊपर उल्लेख नहीं किया गया है, HPV9 वैक्सीन की सिफारिश की जाती है, लेकिन इन के लिए मुफ्त प्रदान नहीं की जाती है:

- महिलाएं 19-45 वर्ष की आयु
- पुरुष 9 से 26 वर्ष की आयु
- 27 वर्ष और उससे अधिक उम्र के पुरुष जो पुरुषों के साथ यौन संबंध रखते हैं

HPV वैक्सीनें 6 महीने की अवधि में 2 या 3 खुराक की श्रृंखला के रूप में दी जाती हैं। जो बच्चे 9 से 14 वर्ष की आयु में श्रृंखला शुरू करते हैं, उन्हें कम से कम 6 महीने के अंतराल पर 2 खुराक देने की आवश्यकता होती है। जो लोग 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के होने पर श्रृंखला शुरू करते हैं और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों को 3 खुराक की आवश्यकता होती है।

जो लोग मुफ्त HPV वैक्सीन के लिए पात्र नहीं हैं, वे इसे अधिकांश फार्मेसियों और यात्रा क्लीनिकों में खरीद सकते हैं।

यौन रूप से सक्रिय होने और HPV के संपर्क में आने से पहले टीकाकरण करवाना सबसे अच्छा है, क्योंकि वैक्सीनें संक्रमण को रोकती हैं लेकिन इसे ठीक नहीं करतीं।

## HPV वैक्सीनों के क्या लाभ हैं?

उन महिलाओं में जो कभी भी HPV से संक्रमित नहीं हुई हैं, वैक्सीनें, वैक्सीनों द्वारा कवर किए गए HPV प्रकारों के कारण होने वाले सर्विकल कैंसर के लगभग 100% मामलों को रोकती हैं।

HPV9 वैक्सीन इन्हें भी रोकती है:

- पुरुषों में गुदा कैंसर के लगभग 78% मामले, जो दो मुख्य प्रकार के HPV के कारण होते हैं
- पुरुषों और महिलाओं में जननांग मस्सों के लगभग 90% से 100% मामले, जो 2 अन्य प्रकार के HPV के कारण होते हैं

> गर्भाशय (cervix) की नियमित स्क्रीनिंग करना महत्वपूर्ण है क्योंकि HPV वैक्सीन सर्विकल कैंसर का कारण बनने वाले अधिकांश, लेकिन सभी प्रकार के नहीं, HPV से बचाती है।

## वैक्सीनों के प्रति संभावित प्रतिक्रियाएं क्या हैं?

वैक्सीनों के लिए सामान्य प्रतिक्रियाओं में वैक्सीन लगाए जाने वाले स्थान पर पीड़ा, लाली, और सूजन शामिल हो सकती हैं। बुखार, थकान, सिरदर्द और मांसपेशियों या जोड़ों में दर्द भी हो सकता है।

बुखार या पीड़ा के लिए एसिटामिनोफेन (उदाहरणार्थ टायलेनॉल®) या इबुप्रोफेन (उदाहरणार्थ एडविल®) दी जा सकती है। रे सिंड्रोम के जोखिम के कारण ASA (उदाहरणार्थ एस्पिरिन®) 18 वर्ष से कम उम्र के किसी भी व्यक्ति को नहीं दी जानी चाहिए।

रे सिंड्रोम के बारे में जानकारी के लिए, HealthLinkBC File #84 रे सिंड्रोम देखें।

किसी भी वैक्सीन को प्राप्त करने के बाद 15 मिनट तक क्लिनिक में रहना महत्वपूर्ण है क्योंकि एनाफिलेक्सिस नामक एक जीवन को खतरे में डालने वाली एलर्जिक प्रतिक्रिया की अत्यंत दुर्लभ, एक मिलियन में 1 से कम, संभावना हो सकती है। इसमें पित्ती (hives), सांस लेने में कठिनाई या गले, जीभ या होंठ में सूजन शामिल हो सकती हैं। यदि यह प्रतिक्रिया होती है, तो आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता इसका इलाज करने के लिए तैयार है। आपातकालीन उपचार में एपिनेफ्रीन (एड्रेनालाईन) दिए जाना और एम्बुलेंस द्वारा निकटतम आपातकालीन विभाग में स्थानांतरण शामिल है। यदि लक्षण आपके क्लिनिक से जाने के बाद विकसित होते हैं, तो **9-1-1** या अपने स्थानीय आपातकालीन नंबर को कॉल करें।

गंभीर या अप्रत्याशित प्रतिक्रियाओं के बारे में हमेशा अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को बताएँ।

## HPV वैक्सीन किसको नहीं दी जानी चाहिए?

अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें यदि आपको या आपके बच्चे को HPV वैक्सीन की पिछली खुराक या यीस्ट सहित वैक्सीन के किसी भी हिस्से के प्रति जानलेवा प्रतिक्रिया हुई है। जो लोग गर्भवती हैं उन्हें वैक्सीन नहीं लगवानी चाहिए।

जुकाम या अन्य हल्की बीमारी के कारण टीकाकरण में देरी करने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि, अगर आपको चिंताएं है, तो अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें।

## HPV क्या है?

HPV सबसे आम यौन संचारित संक्रमणों (STIs) में से एक है। 4 यौन रूप से सक्रिय लोग जो प्रतिरक्षित नहीं हैं में से लगभग तीन, को जीवन में किसी समय HPV होगा। किसी भी प्रकार के मौखिक, जननांग या गुदे संबंधी यौन संपर्ककरने वाले किसी भी व्यक्ति को HPV हो सकता है। संक्रमित होने के लिए संभोग आवश्यक नहीं है। आपके जितने अधिक यौन साथी होंगे, HPV से संक्रमित होने का जोखिम उतना ही अधिक होगा। पुरुषों के साथ यौन संबंध रखने वाले पुरुषों में भी HPV संक्रमण का खतरा अधिक होता है।

## जब आप HPV से संक्रमित होते हैं तो क्या होता है?

HPV से संक्रमित अधिकांश लोग कोई चिन्ह या लक्षण नहीं दिखाते हैं और यह जाने बिना भी वायरस को दूसरों तक पहुंचा सकते हैं। अक्सर एक HPV संक्रमण अपने आप ठीक हो जाएगा। कुछ लोगों के लिए, HPV ठीक नहीं होगा और वायरस से संक्रमित कोशिकाएं समय के साथ प्री-कैंसरस या कैंसरस बन सकती हैं।

हर साल बी.सी. में लगभग:

- 210 लोगों को गुदे का कैंसर होगा और 55 की इस बीमारी से मौत हो जाएगी
- 6,000 लोग गर्भाशय में उच्च जोखिम वाले परिवर्तन विकसित करेंगी जो कि प्री-कैंसरस हैं
- 135 लोगों को गुदे का कैंसर होगा और 20 की इस बीमारी से मौत हो जाएगी
- 5,500 लोग जननांग मस्से विकसित करेंगे

## परिपक्व नाबालिग सहमति

यह अनुशंसा की जाती है कि माता-पिता या अभिभावक और उनके बच्चे टीकाकरण के लिए सहमति पर चर्चा करें। 19 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, जो प्रत्येक वैक्सीन के लाभों और संभावित प्रतिक्रियाओं और टीकाकरण करवाने के जोखिम को समझने में सक्षम हैं, कानूनी रूप से टीकाकरण के लिए सहमति दे सकते हैं या मना कर सकते हैं। परिपक्व नाबालिग सहमति के बारे में अधिक जानकारी के लिए HealthLinkBC File#119 द इन्फेन्टस ऐक्ट, परिपक्व नाबालिग सहमति और टीकाकरण देखें।

## अधिक जानकारी के लिए

- HealthLinkBC File #101a ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV) संक्रमण और जननांग मस्से

BC Centre for Disease Control
Provincial Health Services Authority